# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अक्टूबर 2020




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 38 करोड़ की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

भिलाई नगर/ छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल ने आज गांधी जयंती के अवसर पर भिलाई क्षेत्र के जनता को कई सारी सौगातें दी है! उन्होंने भिलाई शहर में किए गए 24 विकास कार्यों का ई-लोकार्पण एवं पांच स्वीकृत कार्यों का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भूमि पूजन किया! 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया! इस दौरान विशिष्ट अतिथि माननीय डॉक्टर शिवकुमार डहरिया मंत्री, श्रम, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री माननीय श्री मोहम्मद अकबर , मंत्री, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, वन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग छत्तीसगढ़ शासन भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में सम्मिलित रहे! कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने भिलाई शहर में हो रहे विकास कार्यों से माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया ! उन्होंने प्रगति रत कार्य अमृत मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था, शहीद पार्क निर्माण, भगत सिंह जी की सबसे ऊंची प्रतिमा, रीडिंग जोन, इंग्लिश मीडियम स्कूल अन्य विकास कार्य के बारे में जानकारी देते हुए इस कार्य के लोकार्पण अवसर पर भिलाई आने का अनुरोध किया! विशेष अतिथि के रुप में सम्मिलित सभापति श्री पी. श्याम सुंदर राव एवं महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक कर्म प्रभारी श्री नीरज पाल विशेष रूप से मौजूद रहे! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर 1 दिन पूर्व ही कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी कर ली गई थी साफ-सफाई, पंडाल, बैठक व्यवस्था, वीडियो कांफ्रेंसिंग की कनेक्टिविटी जैसे कार्य पूर्ण कर लिए गए थे! कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, तुलसी साहू, नीता लोधी, पूर्व विधायक भजन सिंह निरंकारी, अरुण सिसोदिया, इरफान खान, निगम के महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, दिवाकर भारती, सुशीला देवांगन, साकेत चंद्राकर, सूर्यकांत सिन्हा, जोहन सिन्हा, दुर्गा प्रसाद साहू, जी राजू तथा एल्डरमैन एवं पार्षद गण सहित अन्य उपस्थित रहे!





# डेंगू से बचाव के लिए निगम की टीम ने टेमिफास का छिड़काव कर 118 कूलर कराए खाली, घर-घर सर्वे कर रही है निगम की टीम

भिलाईनगर/ डेंगू से बचाव के लिए निगम की टीम ने विगत 15 दिनों में वार्ड 06 सुपेला बाजार, वार्ड 12 कांट्रेक्टर कालोनी, वार्ड 25 संतोषी पारा, वार्ड 04 राधिका नगर अंतर्गत (संजय नगर पूर्व एवं पश्चिम, न्यु कृष्णा नगर), वार्ड 22 श्याम नगर अंतर्गत सूर्या नगर, ठेठवार पारा, नहर किनारे बस्ती, वार्ड 23 रविदास नगर सहित आसपास के कुल 2206 घरों का निरीक्षण किया ! कुल 6406 कूलर व पानी भरने वाले कंटेनर की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान 118 कूलर जिसमें पुराना पानी संग्रहित कर रखा गया था इसमें मच्छर लार्वा की उत्पत्ति होने की संभावना को देखते हुए टेमिफाॅस का उपयोग कर पानी खाली कराया गया। इस दौरान 15 घरों में मच्छर का लार्वा पाया गया, जिसमें टेमीफास डालकर नष्ट किया गया, साथ ही लार्वा पाए घरों में परिवार के सभी सदस्यों को 2-3 दिन से ज्यादा पानी संग्रहित कर नहीं रखने की समझाइश दी गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए हुए हैं! निर्देश अनुरूप स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह को सम्मिलित कर सर्वे टीम बनाई गई है जो डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए प्रतिदिन कार्य कर रही है! मच्छरों को नष्ट करने प्रतिदिन हो रही है फागिंग  स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन अलग-अलग वार्ड के लिए टीम बनाई है जो घरों में सर्वे का कार्य रहे है, मच्छरों को नष्ट करने के लिए प्रतिदिन फागिंग कराई जा रही है।





# बायो रिमेडीएशन से कुरूद ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे का हो रहा निपटान, महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 कुरूद ट्रेंचिंग ग्राउंड मे बायोरिमेडीएशन पद्धति से कचरे का निपटारा किया जा रहा है ! जिसका निरीक्षण महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया तथा उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए! उन्होंने जामुल बोगदा पुल स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में बने एसएलआरएम सेंटर का भी निरीक्षण किया और गोबर खरीदी सहित वर्मी कंपोस्ट बनाने की जानकारी प्राप्त की! यहां पर 13 टंकी कचरे से खाद बनाने के लिए तैयार की गई है तथा इसी के समीप 21 टंकियां गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाने के लिए तैयार की गई है! सोना क्षेत्र स्तरीय समिति  की महिलाओं द्वारा 290127 किलोग्राम गोबर की खरीदी अब तक की जा चुकी है! वैशाली नगर जोन क्षेत्र के 230 पशुपालक अब तक यहां अपना पंजीयन करा चुके हैं! स्व सहायता समूह की महिलाएं यहां पर गोबर से कंडा बनाने का कार्य भी कर रही है! बायोरेमेडीएशन पद्धति से हो रहा है कचरे का बेहतर निष्पादन जामुल स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे को लगभग 80 से 90% तक समाप्त किया जा चुका है! बायो रिमेडियेशन की प्रक्रिया मे कचरे के ऊपर कल्चर का प्रयोग किया जाता है! यह कल्चर कचरे को खाद में तब्दील करने में कारगर होता है, कचरे की बदबू भी इस कल्चर के माध्यम से कम हो जाती है! पूर्व में कुरूद ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का ढेर लगा होता था व ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरने के कारण आए दिन कचरे में आग लगने की शिकायतें भी प्राप्त होती थी, जिस ढेर को समाप्त करने का कार्य निगम द्वारा किया जा रहा है अब इस ढेर में कल्चर का उपयोग कर इसे खाद के रूप में तब्दील किया जा रहा है !





# मेडिकल वेस्ट के कचरे में पड़ी हुई रसीद से हुआ अस्पताल का खुलासा, मेडिकल वेस्ट अनियंत्रित रूप से फेंकने का मामला

भिलाई नगर/ निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने मेडिकल वेस्ट एवं अन्य कचरे को फैलाए जाने पर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश के समस्त जोन आयुक्त को दिए हैं ! इसी तारतम्य में नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जुनवानी रोड स्थित चौहान टाउन के पास रोड के किनारे निरीक्षण के दौरान बड़ी मात्रा में मेडिकल वेस्ट का कचरा फैला हुआ खुले में पाया गया! निगम की टीम द्वारा अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि कचरे में पड़ी हुई रसीद हाईटेक अस्पताल की है और अस्पताल प्रबंधन ने ही इस कचरे को खुले में फैलाया है! मामले को संज्ञान में लेते हुए जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 सुनील अग्रहरि की टीम अस्पताल प्रबंधन पहुंची और 1 लाख रुपए जुर्माना वसूल किया! हाईटेक अस्पताल में अन्य मरीजों के साथ ही वर्तमान में कोरोना मरीजों का इलाज किया जा रहा है! कोरोना मरीजों का इलाज एवं अन्य के इलाज से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट को खुले में कचरा स्वरूप फेंकना वैश्विक महामारी को बढ़ावा देना व एसओपी के गाइडलाइन का उल्लंघन है! मेडिकल वेस्ट का निपटान मेडिकल प्रबंधन द्वारा स्वयं को किया जाना होता है! हाइटेक हॉस्पिटल द्वारा खुले में कचरा फेंकने पर प्रारंभिक तौर पर जुर्माना लगाते हुए 1 लाख की राशि वसूल की गई है साथ ही समझाइश दी गई है कि दोबारा इस प्रकार का कृत्य किए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी! जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि ने बताया कि कार्यवाही को आयुक्त महोदय के संज्ञान में लाते हुए जिला प्रशासन को प्रेषित किया जाएगा, ताकि अन्य नियमों के तहत अस्पताल पर उचित कार्रवाई की जा सके!





# ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के पास हुए पाइपलाइन लीकेज का किया जा रहा है संधारण

भिलाई नगर/ नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 अंतर्गत नवनिर्मित ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के समीप पाइप लाइन में लीकेज हो जाने के कारण इसे सुधारने के लिए निगम का अमला लगा हुआ है! 800 mm की डीआई मुख्य पाइप लाइन 66 एमएलडी से निकलकर शहर के विभिन्न टंकियों में पानी सप्लाई करती है! मुख्यतः यह पाइपलाइन वर्तमान में नेहरू नगर, फरीद नगर, स्मृति नगर और रिसाली को जलापूर्ति कर रही है! जल्द ही लीकेज को ठीक कर लिया जाएगा! आंशिक रूप से जल प्रदाय प्रभावित होने की संभावना जताई गई है! ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के समीप से ही दो पाइपलाइन गुजरी हुई है एक 66 एमएलडी से कनेक्टेड है और दूसरी 77 एमएलडी से जुड़ी हुई है! जल विभाग के अभियंता ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस भवन निर्माण के कार्य के दौरान पाइपलाइन गुजरे होने की जानकारी विभाग को दी गई थी! आगे उन्होंने बताया कि पाइप को दूसरे जगह शिफ्ट किया जाना इसका विकल्प है, जिसके लिए निगम की टीम लगी हुई है! उप अभियंता अर्पित बंजार ने जानकारी देते हुए बताया कि जल प्रदाय व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए 77 एमएलडी के पाइप लाइन से नेहरू नगर, रिसाली, फरीदनगर और स्मृति नगर की टंकियों में जलापूर्ति करने की व्यवस्था की जा रही है!



# सब्जी बाजारों में बिना मास्क के घूमने वालों से निगम ने वसूला जुर्माना

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सब्जी बाजारों का निरीक्षण किया गया बिना मास्क के सब्जी लेने आए व्यक्तियों से जुर्माना वसूला गया, सोशल डिस्टेंस पालन करने की हिदायत दी गई! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने गंदगी फैलाने वाले एवं मास्क नहीं पहनने वाले लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं! इसी तारतम्य में गंदगी फैलाने वाले और प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी का उपयोग करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। निगम क्षेत्र के बाजार क्षेत्र, होटल, व सड़क किनारे तथा चौक चौराहा का निरीक्षण किया गया! नेहरूनगर, वैशालीनगर तथा शिवाजीनगर जोन क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने व्यवसायियों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 31 लोगों से 4900 रूपए अर्थदंड वसूले! जोन कार्यालय के स्वास्थ्य विभाग की टीम नेहरु नगर, सुपेला बाजार, आकाशगंगा, गोल मार्केट, वैशालीनगर, शांतिनगर, पाॅवर हाउस, नंदिनी रोड, अंडा चौक अंतर्गत होटल, चाय, नाश्ता ठेला व अन्य खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले दुकानों का निरीक्षण किया और गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की। जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा व महेश पाण्डेय ने बताया कि जोन क्षेत्र अंतर्गत ठेले पर चाय, नाश्ता, फास्ट फूड का पथ व्यवसाय करते है! उनके द्वारा खाद्य पदार्थों के गीले एवं सूखे कचरे को आस पास ही अनियंत्रित तरीके फेंककर गंदगी फैलाने तथा नास्ता प्लेट व डिस्पोजल को एकत्र करने डस्टबिन नहीं रखने तथा चाय डिस्पोजल व नाश्ता प्लेट अनियंत्रित तरीके से फेंक दिया जाता है! ऐसे 31 व्यवसायियों से 4900 रुपए अर्थदंड वसूला गया। ठेले संचालकों को समझाईश दी गई गीला एवं सूखे कचरे को एकत्रित कर रखें और निगम के कचरा वाहन में डाले ताकि कचरे को व्यवस्थित किया जा सके।



# ई मेगा कैंप के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर, हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रशस्ति पत्र किया गया वितरण

भिलाई नगर/ ई मेगा कैंप के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को कैंप के माध्यम से लाभान्वित किया गया! नगर पालिक निगम भिलाई के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में ऑनलाइन आयोजित हुए ई मेगा कैंप के आयोजन में आज निगम भिलाई के अलावा रिसाली निगम, भिलाई चरोदा, नगर पालिका परिषद अहिवारा एवं एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना के हितग्राही सम्मिलित हुए जिन्हें विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया तथा प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया! नगर पालिक निगम भिलाई में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 हितग्राहियों को कार्य पूर्णत: प्रमाण पत्र दिया गया! राष्ट्रीय सामाजिक सहायता योजना अंतर्गत इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन के 41 हितग्राही, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन के 21 हितग्राही, सुखद सहारा योजना के 5 हितग्राही, राष्ट्रीय परिवार सहायता के 11 हितग्राहियों को उनके बचत खाते में ऑनलाइन 243450 रुपए का भुगतान किया गया है जिनमें से उपस्थित 6 हितग्राहियों को ई मेगा कैंप में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया! प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के तहत जी गौरी राव, अंबिका प्रसाद, संतोष कुमार, राजाबलि गुप्ता एवं तुमेश्वरी चंद्राकर को 10,000 का ऋण उनके खाते में स्थानांतरित किया गया! इसी प्रकार अन्य निकायों के हितग्राहियों को भी ई मेगा कैंप के माध्यम से लाभान्वित किया गया ! नगर पालिक निगम रिसाली के 1 हितग्राही को गुमास्ता अनुज्ञप्ति लाइसेंस का प्रमाण पत्र दिया गया, नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा के 4 हितग्राहियों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन के तहत 350 रुपए प्रति माह की दर से भुगतान हेतु प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया!






# निगम प्रशासन ने 05 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर/ अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम भिलाई के 5 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आज ससम्मान विदाई दी गई। निगम के प्रभारी आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाॅल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। विदाई कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों ने सेवाकाल के दौरान अपने अनुभव को साझा किए। श्री द्विवेदी ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल की है इसके लिए धन्यवाद देता हूं और सेवानिवृत्त होने के बाद अब सभी परिवार के साथ अच्छा जीवन बिताएं और अपने अनुभवों के साथ समाज के अच्छे कार्यों में सहभागी बने। सेवानिवृत्त होने वाले अधीक्षण अभियंता श्री आर.के. साहू को भी इस दौरान स-सम्मान विदाई दी गई!



**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई